Title: Need for proper maintenance of roads in Begusarai Parliamentary Constituency, Bihar under Central Road Fund.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) : महोदय, केन्द्रीय सड़क नइदइ अन्तर्गत राजकीय राजमार्गों, प्रमुख जिला सड़कों, राट्रीय राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों से भिन्न अन्य महत्वपूर्ण सड़कों के सुधार से संबंधित प्रस्तावों पर विचार किया जाता है। इस मद में बिहार राज्य में बहुत कम योजनायें स्वीकृत हुई हैं, जबकि राज्य के सड़कों में सुधार की व्यापक जरूरत है। मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बेगूसराय में चार जिलों बेगूसराय, शेखपुरा, लखीसराय एवं जमुई की कई महत्वपूर्ण सड़कें आती हैं, जिनका जीर्णोद्धार आवश्यक हैं। वे इस प्रकार हैं - एक - बरबीधा से शेखपुरा व सिकन्दारा जमुई रोड। दो - शेखपुरी से लखीसराय रोड। तीन - शेखपुरा से मेहूस माफो शहरा रोड। चार - शेखपुर अरियरी शाहपुर मोड़। पांच - शेखपुरा आढ़ा रोड। छः - टीटी हथियावा, हथियावा शेखपुरा मेहूस रोड और सात - लखीसराय सिकन्दरा रोड से प्र तापपुर ।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्याने इस ओर आकृट कर निवेदन करना चाहता हूं कि उक्त योजना के अन्तर्गत उपरोक्त सड़कों मे सुधार कराने तथा वर्तमान ि वत्तीय र्वा में सड़कों की स्थिति को बेहतर बनाने की कृपा की जाए।